कार्यालयः– सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांकः – उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0प्र0प0 / विज्ञप्ति 03 / 164 / 2024–25 दिनांक 15 अक्टूबर, 2024

डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2022–23

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर (नैनीताल) की विज्ञप्ति उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0प्र0प02022–23 / विज्ञप्ति 01 / 162–66 / 2024–25 दिनांक 04 सितम्बर 2024 के द्वारा दिनांक 30 नवम्बर 2024 को प्रस्तावित द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेन्टरी एजुकेशन **(डी0एल0एड0)** प्रवेश परीक्षा 2022–23 हेतु दिनांक 05 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक (शुल्क भुगतान सहित) ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। उक्त के क्रम में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा लिखित प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर शुल्क भुगतान सम्बन्धी समस्याओं से अवगत कराया गया है।

उक्त समस्या के निस्तारण हेतु ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है परन्तु उनके खाते से शुल्क कटने के उपरान्त तकनीकी कारणों से शुल्क की धनराशि स्वतः उनके खाते में प्रत्यावर्तित होने के कारण उनके आवेदन ऑनलाइन जमा नही हो पाये, उनको अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए **दिनांक 17 अक्टूबर 2024 (11:00 AM) से दिनांक 19 अक्टूबर 2024 (11:59 PM) बजे तक** पोर्टल (केवल शुल्क भुगतान हेतु) खोला जायेगा। ऐसे अभ्यर्थी निर्धारित उक्त तिथि तक **Internet banking/Debit/Credit cards/Online Payment (UPI)** के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क जमा कर सकते हैं। **नवीन आवेदन कदापि स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

15/X/2024
सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद
रामनगर, नैनीताल

पृ0सं0: उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0 / 164 / 2024–25 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– प्रतिलिपिः– सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण, उत्तर उजाला, हिन्दुस्तान एवं राष्ट्रीय सहारा को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र के उस संस्करण में जिसका प्रचार–प्रसार पूरे राज्य में हो, विज्ञप्ति को जनहित में 8X10 साइज में शासकीय दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करें। भुगतान हेतु बिल जिला सूचना अधिकारी द्वारा प्रमाणित कर दो प्रतियों में परिषद कार्यालय के डी0एल0एड0 अनुभाग को उपलब्ध करायें।

15/X/2024
सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद
रामनगर, नैनीताल

CamScanner